# गैस सिलिंडर सब्सिडी योजना

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 1 जनवरी से **बीपीएल कार्डधारकों को 450 रुपए में गैस सिलिंडर** देने की घोषणा की है।

## मुख्य बिंदु:

- सब्सिडी उन लाभार्थी महिलाओं के खाते में स्थानांतरित की जाएगी, जो**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY)** के अंतर्गत आती हैं और जो **गरीबी रेखा से नीचे (BPL) कार्डधारक** है।
    - योजना का नाम अब **इंदिरा गांधी सिलिंडर सब्सिडी योजना से बदलकर रसोई गैस सिलिंडर सब्सिडी योजना** कर दिया गया है।
- लाभार्थी **विकसित भारत संकल्प योजना** में अपना पंजीकरण कराकर सस्ते सिलिंडर का लाभ उठा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY)

- यह योजना **1 मई 2016** को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के बलिया में शुरू की गई थी।
- इसे **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MOPNG)** द्वारा एक प्रमुख योजना के रूप में पेश किया गया था, जिसका उद्देश्य**स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन जैसे ग्रामीण तथा वंचित परिवारों को LPG उपलब्ध कराना था** , जो अन्यथा पारंपरिक रसोई ईंधन जैसे कि लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले का उपयोग कर रहे थे।
    - **पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन के उपयोग** से ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cooking-gas-cylinder-subsidy-yojana